देहरादून (उत्तराखण्ड)
गुरुवार 01.01.2026
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का सभी से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सीखने का आग्रह। कहा– 'स्किल द नेशन चैलेंज' अभियान भविष्य के लिए कार्यबल तैयार करेगा।
- उत्तराखंड परिवहन निगम के बेड़े में 100 नई बसें शामिल। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बसों को हरी झंडी दिखाई।
- ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने देहरादून में ऊन एक्सपो–राष्ट्रीय प्रदर्शनी का शुभारंभ किया।
- नव वर्ष पर प्रदेश के मंदिरों में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़।

..........

**राष्ट्रपति/आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस तकनीक के साथ देश में सकारात्मक बदलाव लाने का एक अवसर है। वे राष्ट्रपति भवन में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के लिए कौशल विकास– एसओएआर के अंतर्गत एक विशेष कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। राष्ट्रपति ने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का महत्व तेजी से बढ़ रहा है और अब हर किसी के लिए इस तकनीक को सीखना अनिवार्य हो गया है।

राष्ट्रपति मुर्मु ने तकनीक के माध्यम से भारत के एक जिम्मेदार भविष्य को आकार देने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रपति ने विद्यार्थियों और सांसदों को एआई प्रमाणपत्र प्रदान किए और 'स्किल द नेशन चैलेंज' नामक राष्ट्रीय जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया।

**परिवहन निगम बसें**

उत्तराखंड परिवहन निगम के बेड़े में 100 नई बसें शामिल की गई हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून से इन बसों को हरी झंडी दिखाई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 10 ए.सी. और दो स्लीपर अनुबंधित बसों को भी जनता को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि अत्याधुनिक तकनीक से सुसज्जित ये नई बसें राज्य के सार्वजनिक परिवहन तंत्र को सशक्त बनाएंगी। इससे यात्रियों को सुरक्षित, सुविधाजनक और किफायती यात्रा सुविधा मिलेगी तथा प्रदेश की आर्थिक, सामाजिक और पर्यटन गतिविधियों को भी नई गति मिलेगी।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने परिवहन निगम की स्मारिका "अनवरत" और सड़क सुरक्षा पर आधारित कैलेंडर का विमोचन किया। उन्होंने कठिन परिस्थितियों में कर्तव्यनिष्ठा और ईमानदारी से कार्य करने वाले कर्मठ कर्मचारियों को सम्मानित भी किया।

**राज्यपाल**

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने आज नव वर्ष के पहले दिन सर्वे चौक, देहरादून स्थित दुर्गा माता मंदिर में पूजा–अर्चना की। उन्होंने गढ़ी कैंट स्थित गुरुद्वारे में मत्था टेककर प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि, शांति और उत्तम स्वास्थ्य के लिए अरदास की। इस अवसर पर राज्यपाल ने भारतीय सेना की 166 मीडियम रेजिमेंट के अधिकारियों और जवानों से संवाद कर उन्हें नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि हमारे सैनिक राष्ट्र की सुरक्षा की मजबूत ढाल हैं। उनके अनुशासन, साहस और कर्तव्यनिष्ठा के कारण ही देश की सीमाएं सुरक्षित हैं।

**ऊन एक्सपो**

ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने आज देहरादून के परेड ग्राउंड में ऊन एक्सपो–राष्ट्रीय प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदर्शनी में लगाए गए विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन कर ऊन उद्योग से जुड़े उत्पादों, नवाचारों और तकनीकों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि यह प्रदर्शनी केवल उत्पादों का प्रदर्शन नहीं, बल्कि कृषि, पशुपालन, ग्रामीण आजीविका, नवाचार और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प का सशक्त प्रतीक है। ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि वैश्विक प्रतिस्पर्धा के दौर में ऊन उद्योग को तकनीक आधारित और गुणवत्ता केंद्रित बनाना समय की आवश्यकता है। इसके लिए उन्नत नस्ल विकास, वैज्ञानिक पशुपालन, ऊन की ग्रेडिंग, प्रोसेसिंग, आधुनिक मशीनरी, डिजाइन नवाचार और अनुसंधान व विकास को बढ़ावा देना जरूरी है। सरकार इस दिशा में नीतिगत सहयोग, प्रशिक्षण कार्यक्रम और संस्थागत समर्थन लगातार प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि किसान केवल उत्पादक न रहकर मूल्य श्रृंखला का सशक्त भागीदार बने। इसके लिए किसानों को सीधे बाजार से जोड़ना, मूल्य संवर्धन को प्रोत्साहित करना तथा सहकारी संस्थाओं और एफपीओ के माध्यम से संगठित ढांचा विकसित करना प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि ऊन एक्सपो जैसे राष्ट्रीय आयोजन वैश्विक खरीदारों, निर्यातकों और निवेशकों से जुड़ने का सशक्त माध्यम हैं। इससे व्यापार को बढ़ावा मिलेगा और भारत प्राकृतिक रेशा आधारित उद्योगों का वैश्विक केंद्र बन सकेगा।

**नया साल/श्रद्धालु**

नए साल पर आज प्रदेश के मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। नववर्ष के दिन की शुरूआत लोगों ने मंदिरों में पूजा–अर्चना के साथ की। हरिद्वार में भी नए साल के आगमन पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान करने के साथ ही प्रसिद्ध मंदिरों के दर्शन किए। श्रद्धालु मानसी दास ने कहा कि वे नए साल में परिवार की सुख–समृद्धि के लिए मनसा देवी मंदिर के दर्शन करने आई हैं।

## <u>सफाई निरीक्षण</u>

नए साल की शुरुआत पर टिहरी की जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल ने आज मुनि की रेती क्षेत्र का औचक निरीक्षण कर सफाई व अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री के विशेष निर्देश है कि सभी पर्यटन और तीर्थाटन स्थलों को स्वस्थ रखा जाए, ताकि अन्य प्रदेशों से यहां आने वाले पर्यटक एक अच्छा संदेश लेकर जाएं।

## <u>मुख्य सचिव</u>

मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने नववर्ष के अवसर पर आज सचिवालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में सचिवालय परिवार और पूरे प्रदेशवासियों को नववर्ष की बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सचिवालय, राज्य की सर्वोच्च संस्था है। उन्होंने कहा कि हम सभी इस संस्था के भागीदार हैं और राज्य की सभी नीतियां व महत्त्वपूर्ण निर्णय इसी संस्था से निकलते हैं। इसलिए इस संस्था की गरिमा बनाए रखने और इसके उद्देश्यों को फलीभूत करने की जिम्मेदारी हम सभी की है। मुख्य सचिव ने कहा कि नववर्ष के अवसर पर हमें यह संकल्प लेना है कि इस संस्था की गरिमा सिर्फ उत्तराखण्ड ही नहीं, बल्कि अन्य राज्यों के लिए भी प्रेरणा बने।